विद्यालय पत्रिका
"चेतना"

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

VIDYALAYA MAGAZINE
"CHETANA"

केन्द्रीय विद्यालय लामडिंग
KENDRIYA VIDYALAYA LUMDING

2019.20

राम बहादुर राय, आई.आर.एस.ई.
मंडल रेल प्रबन्धक
Ram Bahadur Rai, IRSE
Divisional Railway Manager

सत्यमेव जयते

पूर्वोत्तर सीमा रेल
Northeast Frontier Railway
लामडिंग मंडल
Lumding Division
लामडिंग, होजाई - ७८२४४७
Lumding, Hojai - 782447

MESSAGE FROM THE CHAIRMAN

It gives me immense pleasure to know that Kendriya Vidyalaya N.F. Railway, Lumding is bringing out the Vidyalaya Patrika for the session 2019-20. Writing is one of the important competencies of any language and the Vidyalaya Patrika gives opportunities to the students to develop their writing skill through essays, poems, short stories, travelogue etc. It is a forum for building writers to express and share their thoughts, knowledge and experience with fellow students. Apart from that the activities and events which are held in the Vidyalaya are reflected in the Vidyalaya Patrika. In addition publication of the Vidyalya Patrika shows the efforts made by the Staff, Principal and Sangathan, to make te journey of learning simple, smooth and painless for each student.

I take this opportunity to compliment the Principal, Staff and students of the Vidyalaya for their efforts to make this Vidyalaya one of the best educational institutions of the Railway town Lumding. I wish you all and the Kendriya Vidyalaya N.F. Railway Lumding a magnificient future.

(Ram Bahadur Rai)
DRM/Lumding
& Chairman,
VMC/KV/LMG

☎: दूरसंचार 03674-263362
रेलवे RLY 54000
फैक्स दूरसंचार FAX: 03674-263362 0361-2606066
ई-मेल E-mail : drm@lmg.railnet.gov.in drmlmg1969@gmail.com

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

वरूण मित्र
(उपायुक्त)
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी

संदेश

यह हर्ष का विषय है कि केंद्रीय विद्यालय, लामडिंग विद्यालय पत्रिका 'चेतना' के सत्र 2019-20 संस्करण का प्रकाशन करने जा रहा है। विद्यालय पत्रिका बच्चों की सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय देती है। विद्यालयी पत्रिका में अपनी रचना छपी देख विद्यार्थी अत्यंत आनंदित होते हैं और साथ ही भविष्य में कुछ विशेष एवं खास करने के लिए तत्पर हो जाते हैं। विद्यार्थियों का प्रोत्साहन करते हुए उनकी रचनाओं को संवार कर प्रकाशित करने से उन्हें प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मिलता है।

पत्रिका विद्यालय की प्रगति और गतिशीलता का दर्पण होती है। मुझे विश्वास है कि विद्यालय पत्रिका 'चेतना' न केवल विद्यालय की विशेष उपलब्धियों को रेखांकित करेगी अपितु अन्य सभी गतिविधियों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत करेगी।

'चेतना' पत्रिका के प्रकाशन पर आपके इस प्रयास के लिए समस्त विद्यालय परिवार व पत्रिका के संपादकीय मण्डल को मेरी शुभकामनाएँ!

(वरूण मित्र)
उपायुक्त
केंद्रीय विद्यालय संगठन,
क्षे.कार्या., गुवाहाटी

शुभकामना संदेश

प्रिय,

मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि केन्द्रीय विद्यालय, एनएफआर, लामडिंग सत्र 2019-20 के लिए अपनी विद्यालय पत्रिका 'चेतना' प्रकाशित कर रहा है । छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए स्कूल पत्रिका बहुत आवश्यक है। मुझे इस प्रयास को वास्तविक बनाने के लिए शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों के प्रयास को देखकर बहुत खुशी हुई।

मुझे यकीन है कि यह पत्रिका इस विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए सर्वोत्तम संभव मंच प्रदान करेगी साथ ही यह उनके लेखन, कविताओं, लघु कथाओं, लेखों और यात्रा वृतांतों द्वारा उनकी सक्रिय भागीदारी का अवसर भी प्रदान करेगी। यह पत्रिका विद्यालय में दी जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर भी प्रकाश डाल सकेगी। परिवार के सभी सदस्यों को स्कूल की समस्त गतिविधियों, छात्रों की उपलब्धियों और समग्र रूप से विद्यालय की जानकारी देने का यह एक बेहतरीन तरीका है।

मैं विद्यालय को पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ। मैं इस प्रयास का हिस्सा बनकर खुश हूँ । मेरा आशीर्वाद हमेशा इस स्कूल के होनहार विद्यार्थियों के साथ है, जो जल्द ही इस देश के भविष्य के अच्छे नागरिक बन जाएँगे ।

नामित अध्यक्ष की कलम से .....

श्री एन.के. सूत्रधार
वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी
पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे लामडिंग गुवाहाटी

सहायक आयुक्त
श्री दीपक कुमार डबराल
के०वि०सं० गुवाहाटी संभाग

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन



संदेश

छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने और उसमें निखार लाने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है विद्यालय की पत्रिका। यूँ तो छात्र-छात्राओं में रचनात्मक प्रतिभा बहुत अधिक होती है परन्तु आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें उचित मार्गदर्शन मिले। बच्चों को यदि रचनात्मकता की दिशा में मोड़ दिया जाये तो वे बड़ी आसानी से अपनी मंजिल की ओर अग्रसर हो जाते हैं। बच्चों को अपनी मौलिक अभिव्यक्ति के लिए पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए तभी वे अपने मन की बात लिखना सीख सकेंगे। बच्चों की रचनाओं में अपरिपक्वता तो रहती ही है परन्तु यह अपरिपक्वता ही उनकी मौलिकता का परिचायक है। छात्रों ने अपनी सृजनात्मकता तथा अपने विचारों को विद्यालय पत्रिका के माध्यम से एक गवाह के रूप में प्रदर्शित किया है। विद्यालय पत्रिका छात्रों द्वारा किये गए गतिविधियों का तथा विद्यालय के विकास का एक मनोरम दृश्य प्रकट करता है। 'चेतना' पत्रिका की यह अपनी विशेषता है कि इसके लिए छात्रों को मौलिक रचनाएँ
लिखने हेतु प्रेरित किया जाता है।

'चेतना' पत्रिका के प्रकाशन पर मैं विद्यालयी प्राचार्य एवं उन सभी अभिभावकों, छात्रों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को जिन्होंने पत्रिका के लिए अपनी रचनाएँ दी हैं एवं उन्हें प्रोत्साहित किया है, उन सभी को प्रोत्साहन व शुभकामनाएँ देता हूँ। पत्रिका के सम्पादक मण्डल को हार्दिक बधाई देता हूँ। चेतना के इस प्रयास से छात्रों में निहित रचनात्मक प्रतिभा उभर कर सामने आ सकेगी तथा इन्हीं छात्रों में से भविष्य में कुछ अच्छे पत्रकार, लेखक व कवि के रूप में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे यह मेरा सहज विश्वास है।

सहायक आयुक्त की कलम से...

श्री दीपक कुमार डबराल
के०वि०सं० गुवाहाटी संभाग

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

संदेश

विद्यालय पत्रिका विद्यालय में होने वाली गतिविधियों का, विद्यार्थियों की प्रतिभाओं, उनकी क्षमताओं एवं उनकी मेहनत का तथा शिक्षकों के कठोर परिश्रम का समाज के समक्ष प्रकटीकरण करने का एक और सरल एवं सुगम माध्यम है ।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि केंद्रीय विद्यालय लामडिंग एक लम्बे अन्तराल के पश्चात् अपनी पत्रिका प्रकाशित करने जा रहा है, इस पत्रिका के प्रकाशन में समस्त शिक्षकों जिन्होंने अपने लेखों, कविताओं आदि के द्वारा अथवा संपादक के रूप में या प्रेरक के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, समस्त विद्यार्थियों का जिन्होंने अपनी रचनाओं से पत्रिका को समृद्ध बनाया तथा छात्र संपादक के रूप में कार्य किया, विद्यालय प्रबंध समिति जिन्होंने इस पत्रिका के लिए अपना आशीर्वाद दिया तथा क्षेत्रीय कार्यालय के समस्त अधिकारियों का जिनके मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से इस पत्रिका का प्रकाशन संभव हो पाया, उनके लिए मैं हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूँ ।

मुझे विश्वास है कि हमारा यह छोटा सा प्रयास विद्यालय की प्रगति, विद्यार्थियों की प्रतिभाओं, शिक्षकों के प्रयासों का सजीव प्रसारण करने में सक्षम होगा तथा आपको हर्षित एवं गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान करेगा ।

एक बार पुनः टीम केंद्रीय विद्यालय लामडिंग को उनके सद्प्रयासों के लिए ढेर सारी बधाइयाँ

संजय अग्रवाल

प्राचार्य

केंद्रीय विद्यालय लामडिंग

CONTENT

- VIDYALAYA STAFF PHOTOGRAPH 01
- SCHOOL MAGAZINE EDITORIAL BOARD 01
- EDITORIAL FOR THE VIDYALAYA PATRIKA 02
- **HINDI SECTION**
- शिक्षा- मेरा दृष्टिकोण - *संजय अग्रवाल* (प्राचार्य) 06
- कला और कला की शुरुआत - *रविप्रकाश चौहान* 09
- दरवाजा (प्रवेशद्वार) - *राजेश कुमार महावर* 10
- रफ्तार - *श्रीमती कोमल श्री* 10
- बचपन - *अमृता कुमारी यादव* 11
- विद्यालय की राहों में - *अंजली कुमारी* 11
- बचपन में अकसर - *अपराजिता सिंह* 12
- मेरी प्यारी माँ - *अपराजिता सिंह* 12
- माँ मुझे तू बहुत याद आती है - *अजय सिंह* 13
- जिन्दगी है छोटी - *दीपाली मीना* 14
- डर के आगे जीत है - *ममता दास* 15
- एक अच्छा विद्यार्थी कैसे बनें ? - *राजेंद्र लाल रजक* 16
- अंटाइटल स्टोरी - *संदीप कुमार* 18
- जीवन - *ब्रह्मा नन्द कोली* 20
- शिक्षक को आह्वान - *ब्रह्मा नन्द कोली* 21
- ART GALLERY 22-23
- REGIONAL LANGUAGES SECTION
- ASSAMESE - BHUPEN MAMA LOI SHRADDHANJALI - *SUDIPTA DAS* 25
- SANSKRIT - SANSKRIT BHASHAYAN MAHATTWA - *AMRITA KUMARI YADAV* 26
- SAMAYAH - *DIGANGANA SHARMA* 26
- ESHA MUM DHANYA MATA - *TRISHIT* 27
- VYARTHAM - *ARPITA CHOWDHURY* 28
- SHUBH YATRA - *ARCHITA* 28
- BENGALI – BIDAI - *SUSHMITA MAJUMDAR* 29
- MAA AASHCHEN - *SAMRIDDHI SARKAR* 30
- **ENGLISH SECTION**
- A THUNDERSTORM - *AMRITA KUMARI YADAV* 32

- ARTIFICIAL INTELLIGENCE - AKARSHAN GHOSH 32
- SPACE JUNK - *ANKUSH PAUL* 33
- BEING HELPFUL - *ALOK KUMAR YADAV* 34
- IMPORTANCE OF TECHNOLOGICAL LITERACY - *PRONOY K. LODH* 34
- IS TIME TRAVEL POSSIBLE? - *SUBHAYAN BISWAS* 35
- SCHOOL LIFE - *SUDIPTA DAS* 36
- PLANT A TREE - *PRIYAM DAS* 36
- THE MAN IN AN ONION BED - *ANNISHA DEY* 37
- WHAT IS GOD - *GITAVI DAS* 37
- TEACHER - *ANYA SINGH* 37
- THE SCHOOL - *BEENITA DAS* 37
- WAY TO PARADISE - OOTY - *SOUMILI DAS* 38
- WHY SINGLE USE PLASTIC SHOULD BE BANNED - *DIGANGANA SARMAH* *39*
- SCALING THE NATURAL SKYSCRAPER - *PRASHNIK NANDY* 40
- PRIVATIZATION OF PUBLIC SECTOR UNDERTAKINGS - *R.P. SINHA* 41
- GREEN FRONDS IN THE WIND - *ANU RACHEL JOGI* 43
- SHORT COMMUNICATION : INFORMATION LITERACY IN DIGITAL AGE -*DK. JHA* 44
- FROM A BOOKWORM'S CHRONICLES - *BHANITA DAS* 46
- MATHS : A CHALLENGE - *RAVI KUMAR* 48
- MUSIC FOR A BETTER WORLDVIEW OF EDUCATION - *GAGANDEEP SINGH* 49
- NECESSITY IS THE MOTHER OF ALL INVENTIONS - *SANDHYA KUMARI RAY* 50
- A TALE OF A PENCIL - *BABY KUMARI* 51
- CLASS I TO XII PHOTOGRAPH GALLERY 52-63
- ART GALLERY 64-67
- PHOTOGRAPH GALLERY OF VIDYALAYA ACTIVITIES 68-76

----------x----------

K.V. LUMDING STAFF

EDITORIAL BOARD

Editorial for Vidyalaya Patrika

On the very onset, let me re-tell you a very familiar story. A tortoise and a hare were friends. But wherever they went, the hare got bored of waiting for the tortoise to walk and catch up to him. Shopping with his friend was such a herculean task. It would take them weeks to finish buying groceries for a day. One day, the hare decided to prove his point, he went and talked to his friend about this problem. The tortoise sat down thinking. He said, "My dear friend, I have given it quite a lot of thought too. But we cannot give up our friendship because I am slow. Let us find another way to solve it." The hare agreed. He came up with a brilliant idea. "What if we grow you a pair of wheels!" , he said. The tortoise loved the idea. Both friends met and designed a vehicle for the tortoise that would help him travel faster. They got together and spent days and nights. Finally they built the vehicles. They organized a race to prove their point. All the animals gathered to witness it. There was so much celebration around. Finally, the race began. The hare and the tortoise on wheels started running. At the end of the race, the hare won it since no machine can replace the determination of a living creature and the tortoise reached only a few seconds later because he learnt to utilize a machine according to his need. What about a society where the tortoise is not forced to run a race against a hare who is born faster than him, or humiliate a hare for centuries in stories for making a mistake at a race.

There's a saying in Assamese "Ji mula barhe taar dupatote sin". In English, we say, "Morning shows the day." We, as teachers, have always felt there's something incorrect with the above statement. Some things, or in our case, people, take time to grow up and flourish. And sometimes, we are just forcing people to do jobs they are not interested in, and meanwhile hindering them from doing

what they love to. As teachers, our foremost job is to nurture the spirit of children and young people; provide them with the necessary environment for the healthy growth of their spirit, nature, character, habits, and most importantly emotions. Although that is the purpose of education, the question still remains largely unanswered is – how. How do we contribute to the wholesome development of our students. Well, we personally, feel very reassured to say that a magazine gives students as well as teachers the adequate platform to explore their specific talents at writing. In this Vidyalaya Patrika, we have made a sincere attempt at doing so. But, since it is our first attempt, mistakes are inevitable. We look forward to your invaluable opinion that will help strengthen us for the times to come and in our future endeavours. We would like to take this opportunity to thank all our senior authorities for their encouragement, help, guidance and suggestions. We hope that keeps shining above us forever.

Editorial Board.

Vidyalaya Patrika 2019-20

K.V. Lumding.



Creative Editors

Ravi Prakash Chauhan
TGT (ART Edu.)

Sandhya Kumari Ray
(PRT)

हिन्दी अनुभाग

राजेश कुमार महावर
पी0जी0टी0 (हिन्दी)

ब्रह्मानन्द कोली
टी0जी0टी0 (हिन्दी)

डॉली पाण्डे
12वीं (ब)

के0 जयश्री ब्रह्मा
10वीं (अ)

संपादकीय मंडल सदस्य

शिक्षा- मेरा दृष्टीकोण

प्रत्येक व्यक्ति चाहता है कि वह अच्छा, सुविधासंपन्न, एवं सुखी जीवन व्यतीत करे | लेकिन ये होगा कैसे? शिक्षा एक ऐसा साधन है जो व्यक्ति के व्यवहार एवं कर्म में सकारात्मक परिवर्तन कर उसे एक सुखी जीवन व्यतीत करने में मदद करता है| अगला प्रश्न आता है कि यह होगा कैसे? इसके २ माध्यम हो सकते हैं एक औपचारिक शिक्षा दूसरी अनौपचारिक शिक्षा |

औपचारिक शिक्षा का केंद्र विद्यालयों को माना जाता है| यदि हम सोचें की विद्यालय क्या है? क्या यह एक ईमारत है? या यह एक ऐसा स्थान मात्र है जहाँ विद्यार्थी अपने शिक्षकों से मिलते हैं | वास्तव में यह एक ऐसा स्थान है जहाँ सभी मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों के दवारा ज्ञान का सृजन करते है, ऐसा ज्ञान जिसे शिक्षार्थी उपयोग कर अपने जीवन में सुखी रह सके | इसे ऐसे समझ सकते हैं

केंद्र स्थान सृजन उपयोग

शिक्षा → विद्यालय → कार्यक्रम → ज्ञान → सुखी जीवन

यह तो सिद्ध हो चुका है कि शिक्षा व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन लाती है , पर कैसे ? यह एक प्रक्रिया है जिसमें एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कई छोटे-छोटे उद्देश्यों को पूरा करना होता है| शिक्षा के वह उद्देश्य कौन-कौन से हैं? ------------------------------?

शिक्षा के दवारा हम ज्ञान का विस्तार करते हैं, विभिन्न कौशलो का विकास करते है तथा जीवन मूल्यों का संधान करते हुए उन्हें अपने जीवन में प्रकट करते हैं| और इस प्रकार हमारे व्यवहार में परिवर्तन होते हैं जो कि शिक्षा का लक्ष्य है|

शिक्षा के उद्देश्य : १. ज्ञान का विस्तार
२. कौशलों का विकास
३. जीवन मूल्यों का संधान एवं प्रकटीकरण |

ज्ञान क्या है? कभी-कभी सूचनाओं को ज्ञान समझने की भूल हो जाती है और हम पुस्तकों में वर्णित सूचनाओं को ही ज्ञान का दर्जा देने लगते है एवं उसकी प्राप्ति अथवा उसे याद करने को ही अपना कर्तव्य समझ लेते हैं| ज्ञान के विषय में मेरा विचार है कि-

"कर्म करने से ज्ञान का सृजन होता है तथा ज्ञान का उपयोग करके ही कर्म किये जा सकते हैं"

यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है इसलिए सीखना जीवन भर चलता रहता है |

ज्ञान केवल शिक्षण से ही प्राप्त नहीं किया जा सकता अपितु ज्ञान सीखने का ही पर्याय है अतः विद्यालयों में सीखने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए न कि केवल शिक्षण पर | इसलिए सीखना (लर्निंग) ही पूरी विद्यालयीन प्रक्रिया के मूल में होना चाहिए | अब सीखने को लेकर भी एक भ्रम है कि किसी शिक्षार्थी ने याद कर लिया तो माना जाता है कि वह सीख गया या वह परीक्षा में अधिक अंक लेता है तो माना जाता है कि वह सीख गया | क्या वास्तव में याद करना ही सीखना है?

सीखना भी एक प्रक्रिया जिसे हम ऐसे समझ सकते हैं---

जानना ⟶ समझना ⟶ मनन करना ⟶ ज्ञान का प्रयोग करना

(Knowing) (Understanding) (Analysing) (Application)

इस सीखने की प्रक्रिया को समाज के विभिन्न घटकों जैसे विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक, समाज के अन्य सदस्य एवं संस्थानों से परस्पर अंतर्क्रिया (interactions) कर पोषित करते रहना चाहिए |

अब में विद्यालयी शिक्षा की प्रमुख चुनौतियों के बारे में बात करना चाहूँगा | ३ प्रमुख चुनौंतिया हैं-

१. शिक्षक केन्द्रित २. कक्षा कक्ष केन्द्रित ३. पाठ्य पुस्तक या पाठ्यक्रम केन्द्रित |

बाल केन्द्रित शिक्षा :- आज भी कक्षाओं में केवल शिक्षक की ही आवाज गूंजती है, उसी के कथन को सम्पूर्ण ज्ञान मान लिया जाता है, वही निर्धारित करता है कि क्या सीखना है, कैसे सीखना है, व कितना सीखना है | बच्चों की आवाज गुम हो गयी है, उसके विचारों, उसके प्रश्नों को, उनकी इच्छाओं एवं उनकी गतिविधियों को समुचित स्थान नहीं दिया जा रहा है यही कारण है कि जैसा परिणाम हम चाहते है वैसा हमें नहीं मिलता |

शिक्षा को बाल केन्द्रित होना चाहिए क्योंकि उसे ही सीखना है| अतः उसकी आवाज, उसकी इच्छाएं उसके विचार, उसके प्रश्न एवं उसकी गतिविधियों को पूरा सम्मान देना होगा, उसी को केंद्र मै रख कर सभी शैक्षणिक प्रक्रियाओं को संचालित करना होगा तभी सही मायने में शिक्षा का उद्देश्य पूरा हो सकेगा |

समाज केन्द्रित शिक्षा :- हमने यह भी मान लिया कि शिक्षा केवल कक्षा कक्ष में ही दी जा सकती है इसलिए हम ज्ञान के, सीखने के प्रमुख स्रोत समाज को, विद्यालय के पर्यावरण को उपेक्षित कर देते हैं | मेरा मानना है कि सम्पूर्ण विद्यालय परिसर, उससे भी ज्यादा सम्पूर्ण समाज को केंद्र मान कर अपनी शिक्षण योजना बनानी चाहिए क्योंकि बच्चा उसी समाज से आया है और उसी समाज को अपना कर्मक्षेत्र बनायेगा | शिक्षार्थियों को भी कक्षा (क्लास) से बाहर फैले हुए ज्ञान के विशाल स्रोत का उपयोग अपने सीखने के लिए करना चाहिए |

ज्ञान केन्द्रित शिक्षा :- तीसरी सबसे अहम् चुनौती है शिक्षा आज पाठ्य पुस्तक एवं पाठ्यक्रम तक सीमित कर दी गयी है | यह माना जाता है की जितना भी ज्ञान है वह पाठ्य पुस्तकों में ही है और उसकी हदबंदी (boundary) पाठ्यक्रम (syllabus) ने निर्धारित कर दी है | मेरा स्पष्ट मानना है कि पाठ्य पुस्तक एवं पाठ्यक्रम केवल माध्यम हैं, दिशा देने का कार्य करते हैं | शिक्षा को ज्ञान केन्द्रित करने की आवश्यकता है ज्ञान चाहे जहाँ से भी मिले, प्राप्त करना चाहिए | विद्यार्थी, उसका परिवेश, शिक्षक, समाज, पुस्तकें, तकनीक, सोशल मीडिया, इन्टरनेट की दुनियां आदि अनेकों साधन हैं जिनका उपयोग ज्ञान प्राप्ति के लिए किया जा सकता है |

एक पुस्तक में मैंने पढ़ा था की शिक्षा के ४ स्तम्भ हैं

1. **Learning to Know**
2. **Learning to Do**
3. **Learning to Be**
4. **Learning to live together**

अंत में शिक्षा जगत से जुड़े सभी बंधुओं से आग्रह है कि हम सभी शिक्षा के प्रमुख लक्ष्य, उसके महती उद्देश्यों एवं वैज्ञानिक प्रक्रिया को आत्मसात करते हुए उसकी वर्तमान चुनौतियों से जूझ कर अपना जीवन उन्नत एवं सुखी बनायें | आपके सफल जीवन की ढेरों शुभकामनाएं |



संजय अग्रवाल
प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय लामडिग

कला और कला की शुरूआत

कला कलाकार की आत्माभिव्यक्ति है, कला एक सार्वभौमिक भाषा है। आज हम जिस तरफ भी देखें हमें कला किसी न किसी रूप में नज़र आती है, हम जिस पेन से लिखते हैं उसको भी किसी कलाकार ने रूप दिया है। कुर्सी–मेज, दरवाजे–खिड़की, कपड़े आदि हर एक चीज को कलात्मक रूप से बनाया गया है। हम कोई भी सामान लेते हैं तो उसका रंग–रूप जरुर देखते हैं और हमारे पसंद की होने पर ही हम उस सामान को खरीदते हैं इसके पीछे भी हमारी कलात्मक रूचि ही वजह होती है। जो लोग बोलते हैं मुझे कला में कुछ नहीं आता दरअसल उन्हे भी पता नहीं होता कि उनके अंदर कलात्मक सौन्दर्य की समझ पहले से ही है तभी वो एक चाय पीने का कप भी खरीदने जाएँ तो उसका डिजाईन पसंद कर के ही उसे खरीदते हैं। यहाँ तक कि जो लोग आज की आधुनिक कला (मॉडर्न आर्ट) को देख कर सवाल उठाते हैं कि ये क्या टेढ़ा–मेढ़ा अजीब सा चीज बना रखा है, वही लोग जब बाजार से कोई सामान खरीदने जाते हैं तो उन्ही वस्तुओं को पसंद करते हैं जिसपे वही टेढ़ी–मेढ़ी आधुनिक कला रूप बनी होती हैं, यही है कला के प्रति उनकी आत्मा उनके मन की समझ।

आज कला के जिस रूप को हम देख रहे हैं उसकी शुरुआत कब हुई, कैसे हुई और क्यों हुई– हमें भारतीय और यूरोपियन आदिकालीन गुफाओं में आदिमानव द्वारा निर्मित चित्रकला के उदाहरण प्राप्त हुए हैं जिससे अब हमें यह पता है कि कला की शुरूआत तो तभी हो गयी थी जब मनुष्य जंगलों गुफाओं में रहा करता था। प्राचीन मानव जो कि बोलना और लिखना भी नहीं जानता था, उसने कला को अपनी अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में अपनाया। आदिमानव जंगलों में रहता था, जहाँ उसका सामना नरभक्षी जानवरों से होता था, उनको डराने के लिए वो पत्थरों लकड़ियों आदि को टकरा कर तथा मुँह द्वारा विभिन्न आवाजें निकालता था, जिससे वो उन जानवरों को डरा सके और जान बचा सके, इसी का विकसित रूप हमें आज संगीत कला व गायन कला के रूप में दिखता है। आदिमानव एक दूसरे को हाथों भाव–भंगिमाओं द्वारा अपनी भावनाएँ व्यक्त करता था, जो कि आज विकसित रूप में नृत्यकला व मंचकला के नाम से जाना जाता है। वो जानवरों का शिकार कर के अपना पेट भरता था और इसी की योजना करने के लिए आदिमानवों ने गुफाओं की दिवारों पर प्रथम रेखांकन किया, इसका विकसित रूप हमें चित्रकला के रूप में मिलता है। आदिमानव ने पत्थरों को काटकर औजार बनाए जिसका विकसित रूप आज हमें मूर्तिकला के रूप में दिखता है। इस प्रकार कला के विभिन्न रूप जो आदिकालीन मानव की जरूरतों से शुरू हुई थीं, आज जबकि मानव बहुत विकसित हो चुका है, कलाएँ भी विकसित हो कर अपने आधुनिक रूप में हमारे सामने हैं। भौतिक आवश्यकताओं से शुरू हुई कला आज मानसिक संतुष्टि के रूप में देखी–अपनायी जाती है यही कला का उच्चतम विकास है।

रविप्रकाश चौहान (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक कला)

दरवाजा (प्रवेशद्वार)

दरवाजा है आने-जाने का प्रवेश द्वार,
ज्ञान का प्रवेश एवं अंधकार का तिरस्कार ।
हर घर-बार का होता है एक प्रमुख द्वार,
सफलता एवं परचम का है मुख्य राजदार ।
निरंतर बाट जोहना, लोगों का मुँह ताकना,
अतीन्द्रियों को रोकना, ज्ञान का मुँह खोलना ।
दरवाजे से आना, रहना, बस जाना,
दरवाजे से वीतराग या चले जाना ।
नई दुनिया में प्रवेश, नूतनता को जानना,
बदहवासी में खोना या सफलता को पाना ।
है यह निर्जीव प्रहरी, सक्षम, मजबूत,
शांति एवं समृद्धि का होता है अग्रदूत ।

श्री राजेश कुमार महावर
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिंदी)

रफ़्तार

जीवन के इस भागमभाग में
खो जाती है चाँदनी
न मिल पाती हैं गुनगुनाती रेशमी धूप ।
सुकून के दो पल चाहा था
मिल रही अंतहीन यात्रा की रफ़्तार ।
दिन की शुरुआत कब हो जाती है,
पता चलता नहीं,
शाम कब सरक जाती है हमकों
इसकी खबर मिलती नहीं ।
पता नहीं किस पथ पर कदम बढ़ रहे हैं ,
जहाँ अवकाश है नहीं
जिंदगी की इस धुन में,
खुद को वक्त मिल पाता नहीं ।
इस सफ़र, इस रफ़्तार में भी
छिपा है इक रूहानी एहसास
जब थक जाएँगे कदम तो शायद
यही एहसास जीने का सबब बन जाएगा ।
रफ़्तार बाँधे रखती है समय के चक्र से,
इक उम्मीद है ख्वाहिशों के नगर से ।
जब-जब विधाता ने चक्र सरकाया,
हमने भी तो कुछ खोया और कुछ पाया ।

श्रीमती कोमल श्री
प्रशिक्षित स्नातक शिक्ष (सा०अध्य०)

बचपन

एक बचपन का ज़माना था,
जिसमें खुशियों का खजाना था
चाहत चाँद को पाने की थी,
पर दिल तितली का दीवाना था...
खबर ना थी कुछ सुबह की,
ना शाम का ठिकाना था...
थककर आना स्कुल से,
पर खेलने भी जाना था..
बारिश में कागज़ की नाव थी,
हर मौसम सुहाना था...
रोने की वजह ना थी,
ना हँसने का बहाना था...
क्यूँ हो गए हम इतने बड़े इससे अच्छा तो वो
बचपन का ज़माना था
वो बचपन का ज़माना था।

अमृता कुमारी यादव
कक्षा-सात 'ब'



विद्यालय की राहों में

विद्यालय की राहों में
अपनी कश्ती उठाए हुए
पापा की ऊँगली पकड़
आँखों में सपने सजाए हुए
हम भी आए थे कभी
बस कल की ही बात है।

गुरुजनों का कुछ ज्ञान मिला
एक विद्यार्थी होने का सम्मान मिला
हमारे स्वप्न को एक उड़ान मिला
सखा सहेलियों का प्यार मिला
धन ज्ञान का बटोरे है
जो हर दौलत से बड़ी है
एक दुनिया बना बैठे थे हम भी
कुर्सी बेन्चों की ध्वनियों के बीच
कक्षा के हर कोने के पनाहों में
अपने विद्यालय की राहों में।

पुस्तकों के बीच उलझ कर
कुछ कर जाने का हौसला लिए
दुनिया की भीड़ में उतरे हम भी है
एक उत्साह और पागलपन के संग
नाम रोशन करने की दौड़ में हम भी है
हम कौन है ? यह पता कर लेना कल
हर गलियारों और चौराहों में
विद्यालय की राहों में
अपनी कश्ती उठाए हुए
हम भी आए थे कभी
बस कल की ही बात है।

अंजली कुमारी

कक्षा - बारह 'वाणिज्य वर्ग

बचपन में अक्सर

बचपन में अक्सर सोचा करते,
कितना अच्छा लगता है सभी को स्कूल जाना।

मैंने भी स्कूल को घर जैसा माना,
क्या मालूम था कि, मुझे यहाँ भी है रंग लगाना
हर गलती पर है पनिशमेन्ट खाना।

पहली बार जब मैं स्कूल आई
थोड़ी ही देर में बहुत गुस्साई
लगा था कि मुझे भी बहुत मजा आएगा
मुझे क्या पता था मुझे रोना आएगा।

पहली घंटी बजी मम्मी याद आई
दूसरी में बहुत चिल्लाई
फिर टीचर ने बहलाई, फुसलाई।

थोड़ी देर तक रही मैं चुप
फिर खुद को सँभाल न पाई
अगली घंटी में टीचर ने, मम्मी को बुलाई
फिर रोते-रोते में घर को वापिस चली आई
मैं घर को वापिस चली आई।

अपराजिता सिंह
कक्षा - बारह 'वाणिज्य वर्ग'



मेरी प्यारी माँ

माँ जब तुम दूर चली जाती हो
तब मुझे तुम्हारी याद आती है।

माँ तुम ही हो जो,
हजारों ग़मों में दो पल की ख़ुशी दे जाती हो ।

कोई समझे या न समझे मेरे दुःख को
तुम बिना कहे समझ जाती हो,
माँ जब तुम दूर चली जाती हो
तब मुझे तुम्हारी याद आती है।

वह पल आज मुझे अभी भी याद आती है
जब तुम लोरी गाकर मुझे सुलाती थी,
माँ जब तुम दूर चली जाती हो
तब मुझे तुम्हारी याद आती है।

माँ तुम अनमोल हो
तुम ही मेरे लिए ईश्वर हो
तुम ही मेरी जन्नत हो
सारा प्यार तुम्हीं से
माँ तुम भगवान की सुंदर रचना हो।

अपराजिता सिंह
कक्षा - बारह 'वाणिज्य वर्ग'

माँ मुझे तू बहुत याद आती है

माँ मुझे तू बहुत याद आती है, माँ मुझे तू बहुत याद आती है
तन्हाइयों में जब जिन्दगी हर मोड़ पर सताती है
माँ मुझे तू बहुत याद याद आती है ।

माँ मुझे तू बहुत याद आती है
सोते हुए नींद में जब परछाई सताती है

माँ मुझे तू बहुत याद आती है ।

यू तो रहता हूँ बहुत ही बिजी मैं अपनी नौकरी में
पर जब कभी कोई माँ अपने बच्चे के सिर पर हाथ फिराती है
माँ मुझे तू बहुत याद आती है ।

क्यूँ हूँ मैं यहाँ, दूर इतना सोचता हूँ
तो तेरी कोई बात ही मन शांत कर जाती है
माँ मुझे तू बहुत याद आती है ।

यूँ तो यहाँ भी हो गये है सभी अपने से
जब कभी कोई आवाज माँ कानों में आती है
माँ मुझे तू बहुत याद आती है ।

सीख रहा हूँ मैं चलना दुनिया की भीड़ में
जब तेरे प्यार भरे आँचल की याद सताती है
माँ मुझे तू बहुत याद आती है ।

यूँ तो बड़ा हो गया हूँ मैं, पता है मुझे
पर जब कभी बचपन की बातें रंग जमाती हैं
माँ मुझे तू बहुत याद आती है ।

अजय सिंह
प्राथमिक शिक्षक

जिन्दगी है छोटी

जिन्दगी है छोटी, हर पल में खुश हूँ
काम में खुश हूँ, आराम में खुश हूँ

आज पनीर नहीं, दाल में ही खुश हूँ
आज गाडी नहीं, पैदल ही खुश हूँ

आज कोई नाराज हैं, उसके इस अंदाज से ही खुश हूँ

जिसको देख नही सकता,उसकी आवाज से ही खुश हूँ
जिसको पा नहीं सकता ,उसको सोच ही कर ही खुश हूँ

बीता हुआ कल जा चुका है,उसकी मीठी याद में खुश हूँ
आने वाले कल का पता नहीं, इंतजार में ही खुश हूँ

हंसता हुआ बीत रहा है पल, आज में ही खुश हूँ
जिंदगी है छोटी, हर पल में खुश हूँ ।

दीपाली मीना
प्राथमिक शिक्षिका

डर के आगे जीत है

एक बार एक लड़का गाड़ी चला रहा था। उस लड़के के पिताजी उसके साथ गाड़ी में बैठे थे। लड़का सोच रहा था कि आज का दिन बहुत अच्छा है, चलो किसी जगह कुछ देर के लिए गाड़ी को रोका जाए। तभी अचानक तूफ़ान आ जाता है। लड़के के लिए गाड़ी चलाना मुश्किल हो जाता है और वह परेशान हो जाता है। रास्ते में कुछ लोग अपनी गाड़ियों को तूफ़ान में ही रोककर खड़े थे। लड़के को समझ नहीं आ रहा था कि वह अब क्या करे ? उसने पिताजी से पूछा - पिताजी गाड़ी रोक दूँ , तो पिताजी ने जवाब दिया - नहीं, तुम गाड़ी को मत रोको और धीरे-धीरे चलाते रहो। लड़के को रास्ता कुछ अच्छे से दिखाई नहीं दे रहा था, फिर भी गाड़ी चलाते हुए आगे बढ़ा। अचानक लडके को सब कुछ एवं रास्ता साफ-साफ़ दिखाई देने लगा। वे तूफ़ान से बाहर आ चुके थे। अब लड़के के पिताजी ने उसे गाड़ी रोकने को कहा। तब लड़के ने पिताजी से कहा - पिताजी गाड़ी क्यों रोकूँ ? अब तो हम तूफ़ान से बाहर आ गए हैं। तब लड़के के पिताजी ने कहा - देखो, बेटा... वहाँ जितने भी लोग रास्ते में गाड़ी रोककर खड़े थे। वे अब तक तूफ़ान से बाहर नहीं आ पाए हैं और तुम उस तूफ़ान से डर रहे थे। तुम्हारी हिम्मत और साहस के कारण आज तुम उस तूफ़ान से बाहर आ गए हो।

शिक्षा- "जीवन में बहुत तूफ़ान आएँगे, परन्तु हमें डर को हटाकर हिम्मत और साहस से तूफ़ान से बाहर निकलकर सदैव आगे बढ़ते रहना चाहिए।"

ममता दास
कक्षा - दस 'ब'

एक अच्छा विद्यार्थी कैसे बनें ?

एक अच्छा विद्यार्थी हरफनमौला होता हैं | वह संस्कारी और आज्ञाकारी होता हैं | वह पढ़ाई के अतिरिक्त खेलकूद, विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता दर्ज करवाना, अनुशासनशील होना, अपने से बड़ो का आदर तथा छोटों को स्नेह दें, गुरु का सम्मान करें, शिक्षकों के प्रति आज्ञाकारी हो, जागरूक, कौतुहल, परिश्रमी, साहसी,सकरात्मक दृष्टिकोण रखनेवाला, शिविरों में जाना, माता-पिता की सेवा करनेवाला तथा अपनी मातृभूमि के प्रति आवश्यकता पड़ने पर प्राण न्यौच्छावर करने के लिए तत्पर हो | एक अच्छा विद्यार्थी एक अच्छा तैराकी एवं एक अच्छा पाचक भी होता है | उनमे एक नेतृत्व की शमता होनी चाहिए | वह समयनिष्ठ होता है | वह संगीत विद्या में भी रूचि रखता है |

आओ जाने ! एक अच्छे विद्यार्थी के क्या क्या गुर होने चाहिए |

1. आस्तिक – एक अच्छा विद्यार्थी ईश्वर पर आस्था रखता है | वह अपना हर एक कार्य एक विश्वास के साथ करता है |

2. अनुशासनशील - एक अच्छा विद्यार्थी कभी भी अनुशासनहीनता का परिचय नहीं देता है | वह अनुशासनशील होता है | वह जीवन के हर एक क्षेत्र में अनुशासनमें रहकर कार्य करता है |

3. समयनिष्ठ - एक अच्छा विद्यार्थी समय के अनुसार कार्य करता है | उसके पास अपना एक समय सारिणी होती है | वह टाइम मैनेजमेंट जनता है कि पढाई किस तरह करनी चाहिए और कब करनी चाहिए और इसके अतिरिक्त अन्य कर्यकलापों को भी किस तरह संतुलन बनाकर किया जा सकता है इसका ज्ञान एक अच्छा विद्यार्थी अच्छे से जानता है | वह समय का नियोजन कर हमेशा कार्यों का निष्पादन करता है |

4. कौतुहल - एक अच्छा विद्यार्थी जिज्ञासु होता है | वह हर समय क्यों और कैसे पर प्रश्न किया करता है | वह अपने आसपास की, समाज में होने वाले छोटे से छोटे गतिविधियों की जानकारी रखता है |

5. आदर का भाव - एक अच्छा विद्यार्थी वह होता है जो सबके प्रति आदर का भाव रखता हो और तभी वह सच्ची ज्ञान हासिल करने में सक्षम होगा अन्यथा ज्ञान की प्राप्ति का तप और कठिन हो जायेगा |

6. जिम्मेदारी - एक अच्छा विद्यार्थी जिम्मेदारी लेने के लिए हरदम तैयार रहता है और उसे पूरी निष्ठा के साथ उसका निर्वाह भी करता है | वह अपने अध्यापकों द्वारा सौपी गयी कार्यों को नियत समय पर पूर्ण करके जांच करवा लेता है |

7. परिश्रमी - एक अच्छा और सच्चा विद्यार्थी अधिक से अधिक अभ्यास करता है और अपने लक्ष्य पर आसानी से पहुँच जाता है |

8. लीडर - एक अच्छा विद्यार्थी एक अच्छा लीडर होता है | वह अपने कक्षा के साथ साथ पुरे विद्यालय का भी लीडर बनने के लिए उत्सुक रहता है |

9. शिविर - एक अच्छा विद्यार्थी शिविरों में भी जाता है और शिक्षा के आनंद के साथ - साथ जीवन का भी लुफ्त उठाने में भी चूकतें नहीं हैं | कैम्पिंग में जाने से सबसे बड़ा लाभ यह है कि जो हम किताबों में पढ़ कर तीन महीनो में सीखते हैं वही चीज तीन दिनों के शिविर में जाने से हम सीख सकते हैं |

10. गाइड - एक अच्छा विद्यार्थी अच्छा गाइड(मार्गदर्शक) भी होता है | वह दुसरे छात्रों को भी मदद करता है जो पढ़ाई में कमजोर है तथा उनके समस्याओं को भी सुलझाने का प्रयत्न करता है | वह अपडेट रहता है और दूसरों को भी अपडेट करता है | वह समय पर अपने गुरुजनों की भी कार्यों में हाथ बटाने में पीछे नहीं रहते | वह तकनीक और तकनीकी का इस्तमाल बखूबी जानता है | इसी वजह के कारण वह शिक्षक के आँखों के तारे बन जाते हैं |

11. देशप्रेमी - एक अच्छा विद्यार्थी देशप्रेमी होता है | वह अपने वतन से बेहद प्रेम करता है | वह समाज में कल्याणकारी बदलाव ही नहीं लाता है बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी सहायक होता है.|

12. समग्र - एक अच्छा विद्यार्थी में उपर्युक्त गुणों और कौशल के कारण समग्र विकास होता हैं और वह देश का एक सुनागरिक कहलाता है | सात ही साथ वह अच्छा विद्यार्थी बन जाता है जो हर चुनोतियों का सामना करने के लिए सक्षम हो जाता है | कोई भी बाधाएं उन्हें रोक नहीं सकती कारण उनमे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास हो जाता है | अतः एक अच्छा विद्यार्थी का जीवन ही आदर्श जीवन कहलाता है |

राजेंद्र लाल रजक
प्राथमिक शिक्षक
के.वि.लामडिंग

अंटाइटल स्टोरी

दो महीने पहले ही जन्मदाता का साया सर से उठ चुका था लेकिन शायद यह कम था उस वर्ष इतनी बारिश हुई की। कि बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई कच्ची मिट्टी का घर था वह बाढ़ के पानी के साथ बह गया था।

वो दिन मई कभी नही भूल सकता, जब माँ ने अपने चारो बेटो को अपने अंचल में छुपा रखा था जो आंगन के बिल्कुल बीचों बिच खड़ी थी , क्योंकि एक ही कमरा था वह भी कच्ची मिट्टी का जो बाढ़ के पानी के साथ बहा चुका था धीरे –धीरे बारिश कम हुई और लोगों ने रहत की साँस ली सरकार के आदेशानुसार बाढ़ में जिसका मकान गिरा है उसको पाँच हजार की आर्थिक दी गई सरकार की दी गई सहायता से सिर ढकने के लिए छत बन तो गई थी लेकिन अभी भी कोई आय का साधन न होने के कारण ग़रीबी , बेबसी,लाचारी पीछा छोडने को तैयार नही थी।

माँ ने मेहनत मजदूरी करना शुरू किया। बडा भाई उस समय कक्षा आठ में पढता था , वह भी माँ के साथ काम पर जाता था ,तो पढ़ाने में कमजोर रह गया और फेल हो गया। यह उस समय की बात है जब मेरा सबसे छोटा भाई एक साल का था, उसको संभालने की जिम्मेदारी मुझे दी गई थी। मैं दोनों काम एक साथ करता था पढ़ना और भाई को संभालना ।

समय कैसे चला गया पता ही नहीं चला और नवीं कक्षा में जा चुका था। वो दिन मेरे लिए हमेशा यादगार बना रहेगा जब मैं नवी कक्षा में पढ़ते-पढ़ने मज़दूरी करना शुरू किया और मेरी पहले दिन की कमाई 70रुपये थी। उस दिन के बाद जो भी काम मिलता मैं कर लेता था और मेरी मजदूरी कब 70 रुपये से बढ़कर 450 रूपये हो गया पता ही नहीं चला मैं कहीं पर भी काम करने जाता था। अपनी एक,दो पुस्तक साथ ले जाता था जब भी समय मिलता मैं पढ़ लेता था क्योंकि उस समय मोबाइल ,यु-ट्यूब ,गूगल नहीं था। एक बार की घटना बताता हूँ कि चार मंजिल ईमारत पर काम कर रहे थे अचानक वहाँ से मेरा पैर फ़िसल गया और मैं सीधा नीचे जमीन पर गिर पड़ा दोनों हाथ टूट गए और काफ़ी चोटे भी आयी चोंटे तो धीरे-धीरे भर गई , लेकिन वो चोट अभी तक नहीं भरी थी जिसके के कारण मेरी यह दुर्दशा हुई थी वो थी ग़रीबी। दिन-रत अपने घर की टूटी-फूटी दीवारों को देखकर सोचता रहता था कि पता नहीं कब मैं इस योग्य बनूँगा। कि इन दीवारों को नया रूप दे सकूँ ।

मेरे एक दादा जी कानपुर रहते थे तो उनका परिवार अब कानपुर छोड़कर गाँव आ चुका था उस परिवार में एक मेरा बचपन का दोस्त था जो सेटरिंग(मकान की छत) का काम जानता था उसने गांव में काम करना शुरू किया तो उसने मुझे भी साथ ले लिए। दोनों काम करते रहे और पता ही नहीं चला कि कब मेरी ग्रेजुएशन पास हो गई वो भी सिर्फ़ दो जोड़ी कपड़ो के साथ। हाथ टूटने के बाद हड्डी तो जुड़ गई थी लेकिन घाव दो साल तक नहीं भरा।

एक तरफ हाथ में घाव चल रहा था दूसरी तरफ़ मास्टर डिग्री। ना जाने कितने ऐसे दिन मुझे आज भी याद हैं जब लू चलने के कारण तापमान 50डिग्री के करीब चला जाता था धरती आग की तरह जलती थी और हम सेटरिंग का काम करते हुए आग की तरह जलाते हुए लोहे की राड़ को हाथ से पकड़ कर काटते थे। लोहे का काम करते हुए ना जाने कितनी बार चोटिल हुए। लोहे का काम भी चलता रहा और मेरी मास्टर डिग्री भी।

समय के चलते कब मास्टर डिग्री पूर्ण हो गई पता ही नहीं चला कि हाथ की चोट दुबारा ओपरेशन की वजह से ठीक हो चुकी थी लेकिन वो बचपन वाली चोट अभी तक परेशान कर रही थी,जिसका नाम था ग़रीबी।

सरकार के आदेशानुसार मास्टर बनने के लिए बी०एड० करना जरुरी हो गया था लेकिन आर्थिक स्थिति सही ना होने की वजह से नहीं कर सका। एक चाचा ने 20,000 रुपये उधार दिया और मैंने खुद मजदूरी करके फ़ीस एकत्रित किया तब जा कर बी०एड० पूरी हुई। यह घटना 2013 की है तब तक मेरा संपर्क असम से जुड़ चुका था जैसे ही बी०एड०पूर्ण हुई मेरी नौकरी दिल्ली में पी०जी०टी० अर्थशास्त्र के रूप में लगी। वेतन ठीक-ठाक था 800 रु० प्रतिदिन , अगले साल 100रु० की वृद्धि के साथ 900 रु० प्रतिदिन हो गया। दिल्ली सरकार की कृपा से तीसरे साल 1445रु० प्रतिदिन हो गया था। अब मेरा सपना पूरा होने वाला था कौन-सा ? घर की दीवारों को नया रूप देने का जो अभी चल रहा है।

ये भारतीय समाज है यहाँ ग़रीबी,बेबसी,लाचारी के होते हुए अगर सामाजिक भेदभाव , छुआछूत ,जातिप्रथा का कोई शिकार होता है तो जख्म पर नमक का काम करता है।

खैर, जिन्दगी बहुत सुन्दर है इसे बिना भेदभाव के खुल कर जीना चाहिए। और कब असम पहुँच गया मुझे भी पता नहीं चला और अभी 2019 चला रहा है।

संदीप कुमार
स्नातकोतर शिक्षक (अर्थशास्त्र)

जीवन

जीवन वह रंगीन किताब है
जिसमे हर रोज रंग भरे जाते है
किसी दिन खुशी का तो
किसी दिन गम का।

कभी ग़मों को छुपाने
कभी खुशियों को जताने
की अदा है जीवन
जीवन के हर पन्ने को
रंगने की कला ही तो है जीवन।

जीवन वह किताब है
जिसमे बचपन के उल्लास
जोश और यादों को संजोया
रिश्तेदारों व दोस्तों का
लेखा-जोखा ही तो है जीवन ॥

सभी का जीवन प्रेरणादायक
जरुर होता है चाहे वह
अच्छा हो या बुरा
सीख तो दोनों से ही मिलती है
यही प्रेरणा ही तो है जीवन।

जीवन की गहराइयों में
उतरकर जिसने हर कदम
किया चुनौती का सामना
उसी सफलता की कहानी है जीवन।

बचपन की शरारतों व खेलों ,
कार्यो की यादों को
बुढ़ापे में याद करके खुश
होना ही तो है जीवन
अपने प्रियजनों के साथ बिताए
पलों की कहानी ही तो है जीवन।

लोभ-मोह-माया ,ईमानदारी
निर्दयता-दयालुता,ममतत्व ,प्रेम
सभी का मिश्रण है
हर पल बीते अंश की तस्वीर है जीवन।

आखिर जीवन वह क़िताब है
जिसमे हर भविष्य का पन्ना
खाली होता है ,उस पन्ने को
अपने संघर्षो से रंगना ही तो है जीवन।

ब्रह्मा नन्द कोली
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक
(हिंदी)

शिक्षक को आह्वान

उठा कलम अपने विचारों का
उद्धार करने के लिए
कि आप एक शिक्षक हो।

क्यों डरते हो ? अपने ही
भावों को बताने में।
क्या-क्या अनुभव हुए जीवन में
उन्ही को लिख डालो।
कि आप एक शिक्षक हो।

परवाह नहीं है अनुदेशों की
कहाँ-कहाँ क्या प्रतिक्रिया मिली।
अपने अरमानों को छिपा सके,
वो शिक्षक नहीं हो सकता।

उठाओ कलम अपने विचारो को
लिखने को, कभी बच्चों के साथ,
कभी प्रकृति व मौसम के साथ
बिताए पलों का अनुभव ही लिख
दो ,क्योंकि आप एक शिक्षक हो।

अपने दबे ज्ञान- विचारों का करो
प्रकाशन प्रेरणा देने को , क्योंकि
आप एक शिक्षक हो।

कभी यहाँ चले ,कभी वहाँ चले
ज्ञान के मोती बिखराते चले
कुछ सत्य कल्पना को लिखकर ,
करो,अपने विचारो का आह्वान,
कि आप एक शिक्षक है।

ब्रह्मा नन्द कोली
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक
(हिंदी)

Name - Simran Karmakar
class - VIII / B

Yoga is a way of
flexibility



SAVE FUEL FOR HEALTHY
AND GREEN ENVIRONMENT



BIDISHA
DEY

NAME :- ISHITA ROY CLASS :- VII SEC :- B

ART PROJECT
WORK
Name - Nikita Das Roll-No → 10
Class → VII Sec → B

BIDISHA
DEY

Name - Anya Singh
class - VI 'A'
Rollno - 17

OIL PASTELS

Assamese, Bengali & Sanskrit SECTION

Bhanita Das
P.G.T. (English)

Joyeeta Dey
T.G.T. (English)

Sangeeta
TGT (Sanskrit)

Jayanta Chowdhury
(Dance Expert)

Samriddhi Sarkar
10th (A)

Editorial board members

ভূপেন মামালৈ শ্ৰদ্ধাঞ্জলি

—সুদীপ্তা দাস
দশম (ক)

আমাৰ মৰমৰ ভূপেন মামা
অসমৰ বুকু শূন্য কৰি
সকলোকে কন্দুৱাই ধৰাৰ পৰা
গ'ল হৈ আঁতৰি।
তোমাৰ অবিহনে লুইতো আজি
হৈ ৰ'ল নিথৰ হৈ,
তুমি যে আছিলা সকলোৰে বাবে
মৰম আৰু আদৰৰ।
গছ-বিৰিখ, চৰাই-চিৰিকটি
আজি স্তব্ধ হৈ গ'ল,
আকাশে বতাহে তোমাৰ গান
প্ৰতিধ্বনি হৈ ৰ'ল।
চাও আমি বাবে-বাৰে
নিশাৰ আকাশখন,
কিজানি হৈ আছা
এটি উজ্জ্বল তৰা হৈ।
এতিয়া মাথো চৌদিশে
তোমাৰ গীতৰ লহৰ
যি গীতে কঁপাই আছে
সাগৰ - মহাসাগৰ।

গীতৰ মাজতে ভূপেন মামা
থাকিবা জীয়াই
তোমাৰ দৰে মহান শিল্পীৰ
কদাপি নহয় মৃত্যু।
ভূপেন মামা লোৱা একাঞ্জলি
আমাৰ শ্ৰদ্ধাঞ্জলি।
আমাৰ হৃদয়ত থাকিবা
তুমি সদায় উজলি॥

—o—o—

Scanned with CamScanner

संस्कृत भाषायां महत्वम्

संस्कृत परिष्कृता व्याकरण सम्बन्धि- दोषरहिता भाषा संस्कृत - भाषा इति निगद्यते । इयं भाषा देवभाषा गीर्वाणगी: आदि शब्दै: सम्बोध्यते । अस्माकं संस्कृत भाषा विश्वस्य सर्वासु भाषासु प्राचीनतमा सर्वोत्तम साहित्य संयुक्ता च अस्ति । अस्यां भाषायां उपयोगिता एतस्मात् कारणात् अपि वर्तते यत एषां एव सा भाषा अस्ति । यत सर्वासां भारतीयानाम् आर्य भाषाणाम् उत्पत्तिः मूल । इयम् एतासां सर्वासां भाषायां जननी, अतः सर्वभाषाणां मूलस्वरूप ज्ञानाय एतस्याः आवश्यकता भवति ।

नाम - अमृता कुमारी यादव
कक्षा - सात / ब
अनुक्रमांक - 1

समय:

समय: निरंतर चलति,
न कदापि सुस्थ: भवति,
य: अस्य पालनं करोति
स: एव सर्वदा उत्तमम् फलं खादति ।
अस्य एकैक क्षणं मूल्यवान अस्ति ।
अयं कस्यापि प्रतीक्षा न करोति,
न अयं कस्यापि मित्रं
य: अस्य दुरुपयोगं करोति,
स: कदापि प्रगति न कर्तुम् शक्नोति
अयं जीवनस्य आधार: अस्ति।



शिक्षा :- अत: अस्माभि: सर्वे समयस्य पालनं करणीयम् । इदमेव सफलताया: मन्त्रम् अस्ति । "

दिगांगना
कक्षा - 'VII अ'.

"एषा मम धन्या माता"

एषा मम धन्या माता।
एषा मम धन्या माता। ध्रुवमदम्

था मां प्रातः शय्यातः
जागरयति सम्बोधनतः
हरिस्मरणं था कारयति।
आरुस्मरणं था कारयति। एषा मम ---।

कुरु दत्तं ग्रहकार्यम् तवम्,
कुरु सुत। पाठभ्यासं तवम्।
आदेश ददती स्वम्,
योजयते कार्ये नित्यम् नित्यम्। एषा मम--।
मधुरं दुग्धं ददाति था,
सवादु फलं च ददाति था।
यच्छति महां लवणान्नम्॥ एषा मम ---।

त्रिशित
कक्षा VI 'अ'

व्यर्थम्

तेलं विना दीपकः व्यर्थः ।
सत्कर्म विना धर्मः व्यर्थः ।
जलं विना मेघः व्यर्थः ।
श्रद्धा विना भक्ति व्यर्थः ।

सेना विना सीमा व्यर्थः ।
जलं विना रूपम् व्यर्थम्
हरिभजनं विना जीवनं व्यर्थम् ।
साहसं विना अस्त्र व्यर्थम् ।

अर्पिता चौधरी
कक्षा - VI 'ब'

शुभ यात्रा

संस्कृतयात्रा मङ्गलयात्रा
सञ्जीवनी शुभयात्रा ।
पुलकित मधुना
संस्कृतरथ घोषैः ॥

पश्यतु मे मम भारतभूमौ
संस्कृत नटन विलासम् ।
एषा यात्रा सुन्दरयात्रा
अभिनव सन्देश यात्रा ॥

मातुः कीर्तिम् उद्घोषयितुं
वयं न्यामो यात्राम् ।
जीवनयात्रा साफल्यार्थं
शुभयात्रायां यामः ॥

अर्चिता VII 'अ'



ঃ বিদায় ঃ

আসছে যে আমাদের বড় বেদনার দিন,
না জানি কেন, আমার মনে উঠছে তুফান।
যে আনন্দে কাটালাম এই দশটি বছর,
চলে যাচ্ছে সেই দিনগুলো ঝড়ের মতো।

আর তো পাবনা ফিরে, সেই দিনগুলো,
সোনার ছোঁয়া সেই ক্ষণগুলো।
মনে পড়ে, সেই দিনগুলোর কথা,
যখন গুরুজনেরা শেখাতেন —
আমাদের শিক্ষা ও সংস্কার।

কিছুদিন পর আমরা বিদায় নিতে চলেছি,
এই বিদ্যালয় থেকে, সময় যে চলে আসছে
মনকে যে আর পারছি না মানাতে
কি ভাবে যে মানাবো এই বিদ্যালয়ের সঙ্গে।

তবু নেই আমাদের হাতে, আর উপায় কোনো
মনকে সান্ত্বনা দিয়েছি শুধু এই বলেই
এসেছি যখন এই ধরাতে, বিদায় তো নিতেই হবে।

— ঐশ্মিতা মজুমদার
শ্রেণী - X/A.

'মা আসছেন'

মা আসবে বাপের বাড়ি.
শুরু হবে হুমদুমারি,
সবাই পরবে নতুন পোশাক,
সিল্ক, কটন, সটকা, শাড়ী,
সবাই পরবে নতুন জামা,
টপ স্কার্ট, পাঞ্জাবী পাজামা.
কি মজা কি মজা শুরু হবে সাজাগোজা.
পঞ্চমীতে মা আসবে
ষষ্ঠীতে বোধন হবে
সপ্তমীতে ঘোরা ঘুরি
অষ্টমী তে সন্ধী পুজো
নবমীতে নাচানাচি
দশমীতে মায়ের নিরজন
আসছে বছর আবার হবে
পুজোর আয়োজন।

সঋদ্ধি সরকার
শ্রেণী - X/A

ENGLISH SECTION

Bhanita Das
P.G.T. (English)

Joyeeta Dey
T.G.T. (English)

Ankush Paul
11th (Science)

Karan Das
11th (Science)

Sarbajit Kr. Roy
11th (Science)

A Thunderstorm

The wind began to rock the grass
With threatening tunes and low
He flung a menace on the earth,
A menace at the sky.

The leaves unhooked themselves from tree
And started all abroad;
The dust did scoop scoop itself like hands
And throw away the road.

The wagons quickened on the streets
The thunder hurried slow;
The lightning showed a yellow beak,
And them a livid claw.

The birds put up the bars to nests;
The cattle fled to barns;
There came one drop of giant rain,
And then, as if the hands.

That held the dams had parted hold,
The waters wrecked the sky,
But overlooked my father's house,
Just quartering a tree.

Amrita Kumari Yadav
Class VII B



Artificial Intelligence

Artificial intelligence in Hindi it is called '*Kritim Hoshiyaaree'*
In computer science it is called machine intelligence. From Siri to self-driving car artificial intelligence (AI) is progress rapidly. While science fiction or sci-fi portray (AI) as robot with human like characteristic like Jarvis of iron man , AI robot, and **Detroit**: **Become Human** and many .

Now a days every one have their own personal (AI) like google assistant, Siri, Amazon eco which are used to play music ,news , and many more .

The 2nd type is advance from the first one. They can perform mechanical tasks, they are also working limited area like: Factories, Battlefield, and Constructional Area. And the last, 3rd type is most advanced from the first two type. It do not Work in a Limited Area. Stephen Hawkins, Elon Musk, and Bill Gates and many more others Big Names in Science and Technologies said that the Super Human Artificial Intelligence could provide Calculable benefits, but also can end the Human Race ,if they were deployed. The AI could be the "Worst Event in the History of our Civilization". This AI will have their own feelings, emotions, and do whatever is right for them.

By Akarshan Ghosh

Class XI Sc

SPACE JUNK

Space waste or space garbage from the mass of defunct, artificially created objects in space, especially Earth orbit. These include old satellites and spent rocket stages, as well as the fragments from their disintegration and collisions. As of December 2016, five satellite collisions have generated space debris.

The US Air Force Catalogues and Tracks Space Junk

Since the early 1980s, the US Air Force has maintained a dedicated team that logs and tracks as much space debris as possible. Over 20,000 individual items at least the size of a small ball are being tracked as well as about 500,000 marble-sized pieces of debris—and that number looks likely to increase.

